



## एक नजर में

### स्व.कश्मीरी लालजी अरोरा स्मृति राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ 5 को

**नीमच।** पूरे वर्ष भर जिस खेल प्रतियोगिता का इंतजार म.प्र. के खेल प्रेमियों को रहता है अब उसका इंतजार खत्म हुआ। प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित व रोमांचित कर देने वाली स्व.कश्मीरी लाल जी अरोरा स्मृति राज्य स्तरीय सीनियर राज्य रैंकिंग प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ स्थानीय लायंस डेन व टाऊन हाल मे 5 जनवरी 2026 को प्रात: 9 बजे गणमान्यजनों की उपस्थिति मे होगा। नीमच जिला बेडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष अरूल अशोक अरोरा व सचिव दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि 5 से9 जनवरी तक चलने वाली इस प्रतियोगिता मे प्रदेश के श्रेष्ठ महिला व पुरूष खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे।अभी तक 200 खिलाड़ियों की प्रविष्टि प्राप्त हो चुकी है। पुरस्कार राशि एक लाख रूपए व ट्राफी है। श्री अरोरा व श्री श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता के चीफ रैफरी ब्रजेश गौड़ भुसावल(महाराष्ट्र) के रहेंगे। जो राष्ट्रीय स्तर के रैफरी है। प्रोग्रामर शिषीर खरे के साथ 9सदस्यीय क्वालीफाईड एम्पायरो की टीम मौजूद रहेगी।गौरतलब है कि दीपक श्री्वास्तव खुद एक बेहतरीन खिलाड़ी है व म.प्र.बेडमिंटन एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी है।अध्यक्ष अरूल अरोरा ने बताया कि नीमच जिले की उभरती प्रतिभाओ को आगे बढ़ने की प्रेरणा व उत्कृष्ट खेल खेलने की बारीकियां सीखने को मिल सके इसलिए ये भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिले के खेल प्रेमी प्रतियोगिता को सफल बनाने मे पूर्ण सहयोग प्रदान करे।



### ग्राम चल्दू और मामूली टक्कर, जब कहासुनी ने पकड़ा तूल तो जमकर चले लाठी-डंडे



**नीमच।** जिले के चल्दू गांव में मामूली टक्कर को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। बस स्टैंड स्थित एक सैलून की दुकान पर 22 वर्षीय युवक पर हथियारों और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला किया गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बस स्टैंड पर दो युवकों के बीच हुई सामान्य आपसी टक्कर को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी विवाद के बाद आरोपियों ने नवल किशोर की शेविंग दुकान के पास युवक भारत सेन (22) पिता हरिप्रसाद सेन निवासी चल्दू पर हमला कर दिया। हमले में आरोपी रणजीत सिंह, भोपाल सिंह, कुशाल सिंह सहित उनके साथियों ने लाठी-डंडों और हथियारों का इस्तेमाल किया।हमले में भारत सेन की आंख और सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। परिजन तत्काल उसे जिला चिकित्सालय नीमच लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महू-नसीराबाद हाईवे पर तेज रफ्तार पिकअप से गिरा युवक

**नीमच में स्पीड ब्रेकर पर उछली गाड़ी, दर्शन के लिए राजस्थान जा रहा था**

नीमच। नगर के महू-नसीराबाद हाईवे पर एक तेज रफ्तार पिकअप अचानक एक स्पीड ब्रेकर पर उछल गई। हादसे में पिकअप में पीछे बैठा एक युवक संतुलन खोकर चलती गाड़ी से सीधे सड़क पर जा गिरा। युवक के पैर में गंभीर चोटें आई है। घटना गुरुवार देर रात की है।

**श्री सांवलिया सेठ के दर्शन करने जा रहा था युवक** सड़क हादसे में घायल युवक शिवम भील श्रद्धालुओं से भरी पिकअप से राजस्थान के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री सांवलिया सेठ के दर्शन करने जा रहा था। शिवम पिता मोहन भील निवासी बदनावर अपने करीब 20-25 पड़ोसियों के साथ मंडपिया जा रहा था। यह हादसा हाईवे पर कानका फंटे के पास हुआ। पैरों में आई गंभीर चोटेंतेज रफ्तार पिकअप अचानक एक स्पीड ब्रेकर पर उछल गई, जिससे पीछे बैठा शिवम संतुलन खो बैठा और चलती गाड़ी से सीधे सड़क पर जा गिरा। उसके पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही नयागांव टोल एम्बुलेंस के पायलट रामनारायण और ईएमटी विनोद शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल शिवम को संभाला और तत्काल नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत स्थिर अस्पताल में डॉक्टरों ने शिवम को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। घायल के पड़ोसी अजय भील ने बताया कि सभी लोग दर्शन के लिए निकले थे, लेकिन कानका फंटे पर ब्रेकर के कारण यह हादसा हो गया। फिलहाल घायल युवक का इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल (महिला) टीम में श्री सीताराम जाजू शा कन्या महाविद्यालय की 6 छात्राओं का चयन



**नीमच।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय नीमच द्वारा संभाग स्तरीय फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें नीमच जिले की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया था टीम में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर श्री सीताराम जाजू शा0 कन्या महाविद्यालय, नीमच की निकिता धाकड़, हेमलता बनौधा, सजन गुर्जर, उमा बैरागी, लक्की परवानी, पूनम सैनी का चयन राज्य स्तरीय फुटबॉल महिला प्रतियोगिता हेतु हुआ है। उपरोक्त सभी छात्राएं 4 से 6 जनवरी 2026 को डॉ0 अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में आयोजित प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 प्रतिभा कालानी एवं महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं को अग्रिम बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। राज्य स्तरीय फुटबॉल (महिला) टीम की कप्तान निकिता धाकड़ रहेगी। उक्त जानकारी श्री सीताराम जाजू शा कन्या महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ महेंद्र राव ने दी।

### पंख अभियान के तहत 215 हितग्राही 39 .81 लाख की राशि से लाभांवित

**नीमच।** नीमच शासन द्वारा बाछड़ा समुदाय के आर्थिक उत्थान एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से जिले में पंख अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से इस समुदाय की आय बढ़ाने तथा स्वरोजगार स्थापित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है।

# तारापुर पंचायत में राजनीतिक संग्राम का अंत, उपचुनाव में नेमीचंद धाकड़ बने सरपंच





**नीमच।** जिले के जावद विधानसभा की तारापुर ग्राम पंचायत में पिछले कई महीनों से चल रही राजनीतिक उथल-पुथल पर आज विराम लग गया है। 'खाली कुर्सी-भरी कुर्सी' के हाई-प्रोफाइल घटनाक्रम और अंतरिम कार्यकाल के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार नेमीचंद धाकड़ ने बाजी मार ली है। धाकड़ ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार और पूर्व जिला महामंत्री सुखलाल सेन के पुत्र कद्दावर नेता पवन सेन को 91 मतों से हराकर सरपंच पद पर कब्जा किया।

**क्यों खास है यह चुनाव**

यह उपचुनाव सामान्य नहीं था। इसकी पटकथा कुछ महीने पहले ही लिखी गई थी जब पंचायत के 15 पंचों ने तत्कालीन सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। 'खाली कुर्सी-भरी कुर्सी' प्रक्रिया के तहत हुए मतदान में 15 में से 12 पंचों (दो-तिहाई बहुमत) ने तत्कालीन सरपंच के खिलाफ वोट डाला था, जिसके चलते उन्हें पद से हटना पड़ा था।

**मुजफ्फर भाई ने संभाली थी 4 माह कमान-** सरपंच पद रिक्त होने के बाद शासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंचों में से ही मुजफ्फर भाई को अंतरिम सरपंच नियुक्त किया था। मुजफ्फर भाई ने करीब 4 माह तक पंचायत का कामकाज संभाला। इसके बाद 28 दिसंबर को विधिवत उपचुनाव के लिए मतदान हुआ, जिसके परिणाम आज घोषित किए गए।

**दिग्गज की हार, जनता की जीत-** उपचुनाव में भाजपा समर्थित उम्मीदवार पवन सेन की हार को सियासी गलियारों में बड़ा झटका माना जा रहा है। पवन सेन का परिवार (पिता सुखलाल सेन) जिले की राजनीति में रसूख रखता है। इसके बावजूद, नेमीचंद धाकड़ ने 91 वोटों की लीड लेकर यह साबित कर दिया कि पंचों के बाद अब जनता ने भी बदलाव पर अपनी मुहर लगा दी है।

**'मैं भाजपा का ही कार्यकर्ता हूं'**

जीत के बाद नेमीचंद धाकड़ ने अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, 'मैं खुद भाजपा का ही कार्यकर्ता हूं। यह मेरा पहला चुनाव था, लेकिन मैं भाजपा की रीति-नीति और विकास की सोच के साथ ही काम करूंगा।' उनकी इस बात ने विपक्ष की उस चर्चा पर विराम लगा दिया है जिसमें इसे भाजपा की हार बताया जा रहा था।

**प्राथमिकता: भाईचारा और शांति-** नवनिर्वाचित सरपंच ने तारापुर की सबसे संवेदनशील नब्ज पर हाथ रखते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता गांव में शांति बहाली है। उन्होंने कहा- तारापुर में दोनों धर्मों के लोग रहते हैं। आए दिन छोटी-छोटी बातों पर विवाद होते रहते हैं। मेरा पहला प्रयास यही रहेगा कि आपसी सामंजस्य बनाकर इन विवादों को खत्म किया जाए और गांव में भाईचारा कायम हो। विकास कार्यों को लेकर धाकड़ ने स्पष्ट किया कि उनके पास कार्यकाल का समय कम बचा है, लेकिन चुनौतियां और काम अधिक हैं। उन्होंने कहा कि गांव में पेयजल संकट और साफ-सफाई बड़ी समस्याएं हैं, जिन पर वे तत्काल काम शुरू करेंगे।

आज परिणाम आते ही तारापुर में समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में चल रही अस्थिरता अब खत्म होगी और नेमीचंद धाकड़ के नेतृत्व में विकास कार्य गति पकड़ेंगे।

**तारापुर का सियासी घटनाक्रम**

- **बगावत: तत्कालीन सरपंच के खिलाफ 15 पंचों ने अविश्वास जताया।**
- **फैसला: 'खाली कुर्सी-भरी कुर्सी' में 12 पंचों ने विरुद्ध मतदान कर सरपंच को हटाया।**
- **अंतरिम दौर: शासन ने पंच मुजफ्फर भाई को 4 माह के लिए अंतरिम सरपंच बनाया।**
- **मतदान: 28 दिसंबर को रिक्त पद के लिए वोटिंग हुई।**
- **परिणाम: नेमीचंद धाकड़ 91 मतों से जीते, पवन सेन को हराया।**




### चाइनीज डोर वाले माझों की बिक्री पर सिंगोली पुलिस को मिली सफलता

**नीमच।** एसडीओपी रोहित राठोर जावद के मार्गदर्शन में सिंगोली थाना प्रभारी निरीक्षक श्री भुरालाल भाबर के नेतृत्व में पुलिस टीम सिंगोली द्वारा श्रीमान जिला दंडाधिकारी महोदय नीमच के द्वारा चाइनीज धागे को पतंगबाजी में इस्तेमाल किए जाने को प्रतिबंधित किए जाने संबंधी आदेश पत्र क्रमांक-1207/सां. लेख/2025 नीमच दिनांक 03.12.2025 के माध्यम से धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के पालन में मुखबिर सूचना मिलने से पुराने बस स्टैंड सिंगोली के पास श्री यादें कलेक्शन के नाम से स्थित गिफ्ट आइटम प्रिंटिंग व पतंग धागे की दुकान में दुकान संचालक सुनील पिता बाबूलाल जाति प्रजापत उम्र 27 साल निवासी अथवा खेड़ा हाल मुकाम सिंगोली द्वारा चाइनीज डोर वाले धागे माझों की बिक्री की जा रही थी उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करना पाया गया। अत: प्रथम दृष्टया उसका कृत्य धारा 223 बीएनएस के तहत दण्डनीय पाया जाने पर मौके पर पाई गई उपरोक्त 05 चायनीज चकरिया जप्त की गई आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सराहनीय कार्य उक्त कार्य में थाना प्रभारी श्री भुरालाल भाबर व उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### व्यापारी संघ चुनाव में बढ़ी सियासी गर्मी, अंतिम दो दिन में टकराव चरम पर

**नीमच। व्यापारी संघ के चुनाव में अब मात्र दो दिन शेष रह गए हैं और चुनावी माहौल दिन-ब-दिन जबरदस्त कशमकश की ओर बढ़ता जा रहा है। अध्यक्ष पद सहित 10 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए प्रत्याशी पूरी ताकत के साथ मैदान में डटे हुए हैं। अंतिम दौर में चुनाव अब बेहद रोचक और प्रतिष्ठापूर्ण बन चुका है।**



अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राकेश भारद्वाज को लेकर व्यापारी वर्ग में व्यापक चर्चा है। उनके समर्थन में कई वरिष्ठ व्यापारियों ने खुलकर अपनी राय रखी। व्यापारियों का कहना है कि भारद्वाज के साथ वर्षों से जुड़े अनुभव, सामाजिक प्रतिष्ठा और व्यापारियों के हितों के लिए किए गए कार्य उनकी मजबूत दावेदारी को दर्शाते हैं।

व्यापारी वर्ग के प्रतिनिधियों ने कहा कि पिछले लगभग 20 वर्षों के कार्यकाल में राकेश भारद्वाज ने निष्पक्ष रूप से व्यापारियों, किसानों और मंडी से जुड़े सभी वर्गों के हितों की रक्षा की है। मंडी के विकास कार्यों में उनकी भूमिका को लेकर व्यापारी संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

समर्थकों का यह भी कहना है कि इस चुनाव में मतदाता भले ही सार्वजनिक रूप से कम बोल रहे हों, लेकिन भीतर ही भीतर समर्थन स्पष्ट है। कई व्यापारियों ने इसे विधायक स्तर का प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव बताया और कहा कि परिणाम चौंकाने वाले हो सकते हैं।

**महिलाओं में भी दिखा समर्थन-** चुनाव प्रचार के दौरान व्यापारी वर्ग की महिलाओं में भी उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने कहा कि राकेश भारद्वाज ने पूर्व में गरीब और छोटे व्यापारियों का सहयोग किया है और भविष्य में भी उनसे यही अपेक्षा है। महिलाओं ने विश्वास जताया कि वे व्यापारियों की समस्याओं को समझते हैं और आगे भी सहयोग करेंगे।

कुल मिलाकर, चुनाव के अंतिम दो दिनों में व्यापारी संघ का चुनाव बेहद दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। अब यह देखना शेष है कि मतदाता किसे अपना समर्थन देकर नेतृत्व सौंपते हैं।

### जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान

**नीमच। म.प्र.शासन की मंशा है कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश की दुग्ध उत्पादन में भागीदारी 20 प्रतिशत करने के लिए दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान तीन चरणों** में क्रियान्वित किया जा रहा है।

पहले चरण में 58 हजार केसीसी धारक पशुपालकों से घर-घर सम्पर्क कर दस हजार चार सौ पशुपालन केसीसी फार्म भरे गए, इनमें से 5695 पशुपालको को अधोसंरचना विकास हेतु कार्यशील पूँजी के रूप में 20 करोड़ से अधिक का ब्याज मुक्त ऋण वितरण किया जा चुका है। इस राशि से पशुपालकों ने नवीन पशु क्रय करने, पशुओं का पौषण प्रबन्धन ठीक करने, पशुशाला का निर्माण करने, आदि पर खर्च कर दुग्ध उत्पादन बढ़ाया है।

दूसरे चरण में पशुओं के नस्ल सुधार का कार्य किया जा रहा है ताकि उच्च गुणवत्ता वाली बछिया पैदा हो। इस हेतु अभी तक जिले से 41 हजार से अधिक पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान किया जा चुका है, इसमें से 6000 पशुओं को सेक्स सार्टेड सीमन लगाया गया, ताकि उच्च उत्पादन क्षमता वाली बछिया पैदा हो। तीसरे चरण में उत्पादित दुध का पशुपालकों को उचित मूल्य दिलाने हेतु जहाँ दुग्ध संघ में 7 से 8 रुपये प्रति लीटर मूल्य बढाया गया है। वहीं जिले में वर्ष 2025-26 में 12 नवीन दुग्ध समितियाँ खोली गई है। दूध सग्रहण- 14300 लीटर से बढ़कर 15100 लीटर प्रतिदिन हो गया है। दुग्ध उत्पादक सदस्यों की संख्या में भी 350 से अधिक की वृद्धि हुई है। दो नवीन मिल्क रूट बनाए गये है तथा बल्क मिल्क कुलर (बीएमसी) की संख्या 9 से बढ़कर 14 हो गई है। जिले में 10 दुग्ध संग्रहण समितियाँ पूनर्जीवित की गई है। जिले को जल्द ही एक मोबाइल टेस्टिंग सह बीएमसी भी प्राप्त होने वाली है।

### युवक 200 मीटर तक लहूलुहान हालत में बाइक चलाता रहा

**नीमच। नीमच-सिंगोली मार्ग पर गुरुवार रात मालखेड़ा के रहने वाले 23 वर्षीय पप्पू मेघवाल नीमच से अपने गांव लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई और शरीर से काफी खून बह गया, लेकिन इसके बावजूद युवक ने अपनी जान बचाने के लिए साहस दिखाया।**



हादसे के बाद बुरी तरह घायल होने के बावजूद पप्पू ने हिम्मत नहीं हारी। वे मदद की उम्मीद में अस्पताल पहुंचने की कोशिश करने लगे और घायल अवस्था में ही लगभग 200 मीटर तक अपनी बाइक चलाई।

हालांकि, शरीर से ज्यादा खून बह जाने के कारण उनकी ताकत जवाब दे गई और मनासा नाके के पास पहुंचते ही वे अचानक बाइक समेत बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़े।

**राहगीरों ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल**

खुशकिस्मती से उसी दौरान वहां से उनके गांव के कुछ लोग गुजर रहे थे। उन्होंने सड़क पर पप्पू को बेसुध पड़ा देखा तो तुरंत उन्हें संभाला। देरी न करते हुए राहगीरों ने एक निजी वाहन का इंतजाम किया और घायल युवक को तुरंत नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया। लोगों की सूझबूझ से समय रहते युवक को डॉक्टरी मदद मिल सकी।

**गंभीर चोट के कारण इलाज जारी**

फिलहाल पप्पू मेघवाल का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टर्स के अनुसार उनके सिर में काफी गहरी चोट आई है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि उनकी बाइक किसी वाहन की टक्कर से दुर्घटनाग्रस्त हुई थी या वह अचानक बेकाबू होकर गिर गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**एक नजर** — जिले के उद्योगो का फायर एवं सेप्टी आर्डिट अवश्य करवाएं, सांसद गुप्ता की अध्यक्षता में दिशा कमेटी की बैठक आयोजित

# नगरीय निकाय क्षेत्रों में नगर वन स्थापित किए जाए : गुप्ता

**नीमच।** जिले में करीब 450 माईक्रो औद्योगिक ईकाईयां, 50 स्माल उद्योग एवं 10 मीडियम औद्योगिक ईकाईयां संचालित है। इसके अलावा जिले में वृहद औद्योगिक ईकाईयां भी कार्यरत है। जिले के सभी बड़े उद्योगो और एमएसएमई उद्योगो का फायर सेफ्टी एवं औद्योगिक सेप्टी ऑडिट अवश्य करवाए। यह निर्देश सांसद श्री सुधीर गुप्ता द्वारा नीमच के कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में दिशा कमेटी की बैठक में एमएसएमई एवं एमपीआईडीसी विभाग की समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक उद्योग एवं एमपीआईडीसी को दिए गये।

बैठक में विधायक जावद श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, मनासा विधायक प्रतिनिधि श्री बगदीराम गुर्जर, न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एस.पी.श्री अंकित जायसवाल, एवं अन्य जिला अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।




बैठक में वन विभाग के कार्यो, योजनाओं की समीक्षा दौरान सांसद श्री गुप्ता ने डीएफओ को निर्देश दिए, कि वे नीमच, जावद, डीकेन, सरवानिया महाराज, जीरन सहित अन्य सभी नगरीय क्षेत्र में स्थान, चिन्हित कर नगर वन विकसित करने का (डीपीआर) प्लान तैयार कर भिजवाए। केंद्र शासन द्वारा नगर वन के लिए दो करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों की प्रतिक्षा सूची पंचायतों में लिखवाएं

बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यो की समीक्षा में सांसद श्री गुप्ता ने सदस्यों के सुझाव पर निर्देश दिए, कि सभी ग्राम पंचायतों की दीवारों पर प्रधानमंत्री आवास के लाभांवित हितग्राहियों और प्रतिक्षारत हितग्राहियों की चयन सूची अनिवार्य रूप से लिखवाएं। जिससे, कि हितग्राहियों को पता चल सके, कि उनके नाम, आवास सूची में शामिल है। सांसद ने इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही की सूची की स्थाई पंजी संधारित करने और इसे आमजनों के अवलोकन के लिए उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने के निर्देश भी जनपद सीईओ को दिए है।महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान किराए के भवनों में संचालित आंगनवाडी केंद्रों का रिव्यू कर, उन्हें 15 दिवस में नवीन भवनों में शिफ्ट करने, सभी आंगनवाडी केंद्र भवनों के परिसर में पोषण वाटिका विकसित करने और पौधे तथा सब्जियां लगाने तथा आंगनवाडी केंद्रों के सभी नवीन भवन निर्माण कार्य मार्च तक पूर्ण करवाकर विभाग को स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए गये।

विधायक श्री सखलेचा एवं श्री परिहार ने पंचायतों में स्वीकृत डोम निर्माण कार्यो के स्थल पर अवैध अतिक्रमण हटाने, स्कूलों की जमीन एवं मुक्तिधाम की जमीन पर से अतिक्रमण हटवाने का सुझाव दिया। बैठक में सरोदा ग्राम पंचायत भवन का निर्माण कार्य भी पुन: प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए गए। सांसद श्री गुप्ता ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में सभी ग्राम पंचायत परिसरों में जनभागीदारी से पौधारोपण करवाने के निर्देश भी दिए।बैठक में जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, विभिन्न न.प.के अध्यक्ष, नीमच न.पा.के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जैन, पूर्व उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र भटनागर, सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, श्री नीलेश पाटीदार, श्री रतनलाल मालावत, श्री हेमंत हरित, जिला वनमण्डलाधिकारी एस.के.अटोदे, जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, जिला अधिकारी एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।